Raj Express (Indore), 11th December 2022, Page-Frontpage-02

# फाउंडेशन फॉर एंटरप्रेन्योरशिप पाठ्यक्रम किया तैयार

इंदौर। आईआईटी इंदौर उच्च प्रभाव कारक पत्रिकाओं में 4500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों के साथ नई पीढ़ी के बीच शीर्ष संस्थानों में से एक हैं। अब तक विभिन्न फंडिंग एजेंसियों से 388 करोड़ की लगभग 460 आरएंडडी प्रोजेक्ट और 10 करोड़ की 235 परामर्श परियोजनाओं को हाथ में लिया है। खास बात यह है कि दायर किए गए करीब 83 पेटेंटों में से 20 पेटेंट दिए गए हैं। वहीं प्रोफेसरों की टीम ने हाल ही में 'फाउंडेशन फॉर एंटरप्रेन्योरशिप' नामक एक पाठ्यक्रम तैयार किया है और पेश किया है। यह सर्वविदित है कि उद्यमिता को पढ़ाया नहीं जा सकता है, इसलिए पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है।

अगले शैक्षणिक वर्ष तक केमिकल इंजीनियरिंग, गणित और कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग भौतिकी में 3 नए बीटेक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा हैं। आईआईटी इंदौर को रीड रिचार्ज आधारित प्रोसेस वेरिएशन टॉलरेंट 10 टी एसआरएएम सेल पर एक ओर पेटेंट हाल ही में दिया गया। आविष्कारक डॉ. नंदकिशोर यादव और प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन के लिए एक नई मेमोरी तकनीक का प्रस्ताव दिया है।